# O. P. JINDAL SCHOOL, RAIGARH (CG) 496 001, INDIA

Phone: 07762-227042, 299255, JSP ICM No. 49802, 49809; website: https://www.opjsrgh.in; e-mail: opjs.raigarh@jindalsteel.com

| Term 1/ Half Yearly Assessment-2025-26 (Sample Question Paper) | |
|---|---|
| **SUBJECT: HINDI** | **Class –III** |
| **Time – 1.5 hours** | **MM-40** |

**1.** अपठित गद्यांश

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए - (५×१)

हमारी धरती पर बहुत सुंदर प्रकृति है। पेड़, पौधे, नदियाँ और पहाड़ सब मिलकर प्रकृति को सुंदर बनाते हैं। पेड़ हमें फल, फूल, लकड़ी और छाया देते हैं। नदियाँ हमें मीठा पानी देती हैं, जिससे हम पीते हैं और नहाते हैं। पक्षी पेड़ों पर बैठकर मीठा गाते हैं। हमें प्रकृति की रक्षा करनी चाहिए और उसे साफ़-सुथरा रखना चाहिए।

१. पेड़ हमें क्या-क्या देते हैं?
अ) केवल छाया
ब) फल, फूल, लकड़ी और छाया
स) केवल फल

२. नदियों से हमें क्या मिलता है?
अ) दूध
ब) शरबत
स) मीठा पानी

३. हमें प्रकृति के साथ कैसा व्यवहार करना चाहिए?
अ) गंदा करना चाहिए
ब) काटना चाहिए
स) रक्षा करनी चाहिए

४. पक्षी पेड़ों पर बैठकर क्या करते हैं?

अ) उछलते हैं

ब) नाचते हैं

स) मीठा गाते हैं

५. पेड़ नदियां और पहाड़ मिलकर क्या करते हैं ?

अ. प्रकृति को सुंदर बनाते हैं

ब. प्रकृति को गंदा करते हैं

स. प्रदूषण फैलाते हैं

**2. सही विकल्प चुनें -** **(४×१)**

१. भाषा का प्रयोग किसके लिए किया जाता है?
अ. सोने के लिए
ब. बोलचाल के लिए
स. खाना खाने के लिए

२. 'अ' क्या है?
अ. स्वर
ब. व्यंजन

स. संज्ञा

३. वर्णों का वह समूह जिसका कोई अर्थ हो, क्या कहलाता है?

अ. स्वर

ब. शब्द

स. व्याकरण

४. गीदड़ कैसा था?

अ. मूर्ख

ब. डरपोक

स. चतुर

**3. संज्ञा शब्द लिखिए-** **(१)**

अ. दो पशुओं के नाम - _____ , _____

**4. सही शब्द चुनकर रिक्त स्थान भरो:** **(३×१)**

अ. 'बच्चा' का बहुवचन है ___। ( लड़के, बच्चे)

ब.  आम को _____कहा जाता है।(फलों का राजा, पेड़ों का राजा)

स. चींटी _____ राग सुनाती है। ( श्रम का, खुशी का )

**5. सही जोड़ी मिलाओ:** **(३×१)**

| | |
|---|---|
| लड़का | बड़ा |
| नया | लड़की |
| छोटा | पुराना |

6.  निम्नलिखित शब्दों को शुद्ध करके लिखें। (२)

अ. नर्मता

ब. बिश्वास

7. निम्नलिखित शब्दों से वाक्य बनाइए (२)

अ. सूरज

ब. सहायता

8. प्रश्नोत्तर

अ. दीपक से आप क्या सीखते हैं ? (१)

ब. चींटी क्या चुनकर लाती है ? (१)

स. सौरभ और उसकी बहन प्रसन्न क्यों थे ?
(२)

द. बादशाह ने अगले दिन उस व्यक्ति को इनाम क्यों नहीं दिया ? (३)

इ. गीदड़ ने समझदारी कैसे दिखाई ? (३)

9. जन्मदिन की बधाई देते हुए मित्र / सखी को पत्र लिखिए। (५)

१०. दिए गए विषय पर अनुच्छेद लिखिए। (५)

अ.' मेरा परिवार '

ब.' मेरा पालतू पशु '

स.' मेरा विद्यालय '